# NCERT Solutions For Class 10 Hindi (Sparsh)

## CH 8 - बड़े भाई साहब

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दीजिए।**

**1. कथा नायक की रुचि किन कार्यों में थी?**

**उत्तर:** कथा नायक को खेलकूद, गप्पबाजी, कागज की तितलियां बनाने, उड़ाने,उछल कूद करने, चारदीवारी पर चढ़कर नीचे कूदने ,फाटक पर सवार होकर उसे मोटर कार बनाकर मस्ती करने में थी।

**2. बड़े भाई छोटे भाई से हर समय सवाल क्या पूछते थे?**

**उत्तर:** वे उससे हमेशा यही सवाल पूछते "कहां थे?"।

**3. दूसरी बार पास होने पर छोटे भाई के व्यवहार में क्या परिवर्तन आया?**

**उत्तर**: दूसरी बार पास होने पर छोटे भाई को लगने लगा कि यदि अब वह पढ़ें या ना पढ़े वह आसानी से अच्छे नंबरों से पास हो सकता है। इसलिए उसने पढ़ना बंद कर दिया और अपनी मौज मस्ती बढ़ा दी।

**4. बड़े भाई साहब छोटे भाई से उम्र में कितने बड़े थे और वह कौन सी कक्षा में पढ़ते थे?**

**उत्तर:** बड़े भाई साहब छोटे भाई से उम्र में 5 साल बड़े थे और वे नवी कक्षा में पढ़ते थे।

**5. बड़े भाई साहब दिमाग को आराम देने के लिए क्या करते थे?**

**उत्तर:** बड़े भाई साहब अपने दिमाग को आराम देने के लिए विभिन्न कलात्मक कार्य करते थे।जिनमें वे अपने पुस्तकों के हाशिए पर चिड़ियों कुत्ता बिल्ली आदि की तस्वीर बनाते कई बार एक ही शेर को बार-बार लिखते और कभी तो ऐसी तुकबंदी करते जिसका कोई अर्थ नहीं निकलता।

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर ( 20 से 30 शब्दों में) दीजिए।**

**1. छोटे भाई ने अपनी पढ़ाई का टाइम टेबल बनाते समय क्या क्या सोचा और फिर उसका पालन क्यों नहीं कर पाया?**

**उत्तर:** छोटे भाई ने अपने पढ़ाई का टाइम टेबल बनाते समय सोचा कि वह अब बिल्कुल भी समय व्यर्थ नहीं करेगा।अपने बड़े भाई को उसे डांटने का मौका नहीं देगा ।यही सोचकर उसने टाइम टेबल को रात 11:00 बजे तक बनाया।परंतु जब वह उसका पालन करने बैठा तो उसका ध्यान वही अपने खेलों में लगा था उसे मैदान की याद आ रही थी। वह सोच रहा था कि वहां वह कैसे ठंडी हवाओं का आनंद लेता था। इस कारण वह इसका का पालन नहीं कर पाया।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**2. एक दिन जब गुल्ली डंडा खेलने के बाद छोटे भाई बड़े भाई साहब के सामने पहुंचा तो उनकी क्या प्रतिक्रिया हुई?**

**उत्तर:** एक दिन जब गुल्ली डंडा खेलने के बाद छोटा भाई बड़े भाई साहब के पास पहुंचा तो वह बहुत क्रोधित थे।उन्होंने उसे बहुत डांटा उसे समझाया कि वह अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें गुल्ली डंडा खेलना कोई अच्छी बात नहीं है। यह भविष्य के लिए बहुत हानिकारक है, इससे कुछ भी हासिल नहीं होने वाला। उन्होंने यह भी कहा कि तुझे अव्वल आने पर घमंड हो गया है, घमंड तो रावण का भी नहीं रहा था अतः वह अपने घमंड को छोड़े और पढ़ाई करें।

**3. बड़े भाई को अपने मन की इच्छाएँ क्यों दबानी पड़ती थी?**

**उत्तर:** बड़े भाई छोटे भाई से उम्र में 5 साल बड़े थे,यदि सही नियमों का पालन नहीं करते तो उन का छोटा भाई भी उनके दिखाए रास्ते पर चलता और वह भी उन्हीं की तरह नियमों का उल्लंघन करता। उन्हें भी पतंग उड़ाने ,तमाशा देखने का शौक था परंतु इसका उल्टा प्रभाव उनके भाई पर ना पड़े इस कारण उन्हें अपनी मन की इच्छा दबानी पड़ती थीं।

**4. बड़े भाई साहब छोटे भाई को क्या सलाह देते थे और क्यों?**

**उत्तर:** बड़े भाई साहब छोटे भाई को यह सलाह देते थे कि वह मन लगाकर अच्छे से पढ़े ज्यादा समय व्यर्थ में ना गंवाएं। अंग्रेजी पढ़ने के लिए बहुत मेहनत करनी होती है अगर वह मेहनत नहीं करेगा तो वह उसी दर्जे में पढ़ा रहेगा।

**5. छोटे भाई ने बड़े भाई साहब के नरम व्यवहार का क्या फायदा उठाया?**

**उत्तर:** छोटे भाई ने बड़े भाई साहब के नरम व्यवहार का यह फायदा उठाया कि वह अब अपनी मनमर्जी के अनुसार खेलने जाने लगा।उसने यह मान लिया कि वह पढ़ें या ना पढ़ें वह पास हो ही जाएगा।

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर ( 50 से 60 शब्दों में) दीजिए।**

**1. बड़े भाई की डांट-फटकार अगर न मिलते तो क्या छोटा भाई कक्षा में अव्वल आता?अपने विचार प्रकट कीजिए।**

**उत्तर:** अगर छोटे भाई को बड़े भाई की डांट फटकार ना मिली होती तो वह कक्षा में अव्वल नहीं आ पाता, क्योंकि वह अनुभवहीन था। उसे नहीं पता था कि उसका भला बुरा किस चीज में छुपा है। बड़े भाई के डर से जितना पड़ता वह उतना भी नहीं पढ़ पाता अपना सारा समय व खेलकूद में ही बिता देता और कक्षा में अव्वल नहीं आ पाता। बड़े भाई से मिली डांट के कारण ही उसे यह समझ आया कि शिक्षा का क्या महत्व है और अनुशासित होकर शिक्षा कैसे ग्रहण करनी चाहिए?

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**2. बड़े भाई साहब पाठ में लेखक ने समुचित शिक्षा के किन तौर-तरीकों पर व्यंग्य किया है? क्या आप उनके विचार से सहमत हैं?**

**उत्तर:** बड़े भाई साहब पाठ में लेखक ने शिक्षा प्रणाली पर व्यंग करते हुए कहा है कि यहां पर अंग्रेजी भाषा पर अधिक बल दिया जाता है।बच्चा सीखे या न सीखे उसे रखकर या किसी भी तरीके से उत्तीर्ण होना ही होता है। अपने देश के इतिहास के साथ-साथ दूसरे देश का भी इतिहास से पढ़ना होता है जो जरूरी नहीं है। प्रणाली बच्चों पर एक बोझ की तरह है और लाभदायक कम है। विचार से सहमत हैं।

**3. बड़े भाई साहब के अनुसार जीवन की समझ कैसे आती है?**

**उत्तर:** बड़े भाई साहब के अनुसार जीवन की समझ केवल किताबें पढ़ने से नहीं आती। उसके लिए अनुभव आवश्यक है अपने इस तर्क की पुष्टि के लिए वे दादी मां, हेड मास्टर ,अम्मा आदि के उदाहरण देते हैं।

**4. छोटे भाई के मन में बड़े भाई के प्रति श्रद्धा क्यों उत्पन्न हुई?**

**उत्तर:** छोटा भाई खेलकूद में बहुत रुचि रखता था क्लास में अव्वल आने पर वह यह सोचने लगा था कि वह पढ़े या न पढ़े वह अच्छे अंको से पास हो ही जाएगा। इस कारण वह पूरा दिन खेलता रहता उसके अंदर से बड़े भाई का डर भी जाता रहा। उसके बड़े भाई ने उसे पतंग उड़ाते समय पकड़ लिया उसे समझाया कि आगे कक्षा में किन-किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। उसे मन लगाकर पढ़ना चाहिए।उन्होंने उसे बताया कि कैसे उसके भविष्य के कारण वे अपने बचपन का गला घोट रहे हैं। अतः इस बात को सुनकर उसे आभास हो गया कि उसकी सफलता के पीछे उसके बड़े भाई की प्रेरणा है,और उसके मन में उनके प्रति श्रद्धा भाव जागृत हुआ।

**5. बड़े भाई की स्वभावगत विशेषताएँ बताइए।**

**उत्तर:** बड़े भाई हमेशा अध्ययन में व्यस्त रहते और परिश्रमी विद्यार्थी थे।चाहे उन्हें कुछ समझ में आए ना आए वह परिश्रम अवश्य करते थे। वह बहुत ही अनुभव शील थे,इसलिए जानते थे कि जीवन में अनुभव कितना आवश्यक है, और समय-समय पर अपने छोटे भाई को उचित मार्गदर्शन दे देते थे।

**6. बड़े भाई साहब ने जिंदगी के अनुभव और किताबी ज्ञान में किस और क्यों महत्वपूर्ण का है?**

**उत्तर:** बड़े भाई साहब ने जिंदगी के अनुभव को किताबी ज्ञान से अधिक महत्वपूर्ण कहा है क्योंकि जिंदगी का अनुभव जिंदगी में कई संघर्षों से हासिल होता है। इसे किताबें पढ़कर हासिल नहीं किया जा सकता।पुस्तकें व्यवहारिक शिक्षा नहीं देती और जीवन में सही गलत का निर्णय करने के लिए व्यावहारिक ज्ञान बहुत आवश्यक है।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**7. बताइए पाठ के किन किन अंग से पता चलता है।**

**1. कि छोटा भाई अपने भाई साहब का आदर करता है।**

**उत्तर:** पतंगबाजी के समय बड़े भाई ने समझाया कि वह बड़े हैं यह उनका दायित्व है कि वह उसे समझाएं और इसके लिए वे अपने बचपन का भी गला घोट रहे हैं यह सुनकर छोटे भाई में बड़े भाई के प्रति आदर भर आया।

**2. भाई साहब को जिंदगी का अच्छा अनुभव है।**

**उत्तर:** बड़े भाई को बहुत अच्छा अनुभव है।वे जानते हैं कि अपनी इच्छाओं पर काबू कर कर किस तरह छोटे भाई को ठीक रख सकते हैं, और वे यह भी जानते हैं कि किस तरह उनके दादा ने अपने अनुभव से परिवार का पालन किया है।

**3. भाई साहब के भीतर भी एक बच्चा है|**

**उत्तर:** बड़े भाई छोटे भाई को समझा रहे थे तभी दूर से एक पतंग उड़ती हुई आती है। बड़े भाई बड़े थे तो उन्होंने उसे लूट लिया और वे उसे लेकर हॉस्टल की तरफ दौड़े। इससे साबित होता है कि उनके भीतर भी एक बच्चा है।

**4. भाई साहब छोटे भाई का भला चाहते हैं।**

**उत्तर:** बड़े भाई साहब छोटे भाई को अधिक उधम करने के लिए डांटते, उसे ज्यादा खेलने के लिए मना करते और उसे कहते कि वह पढ़ाई में अच्छा करने के लिए मन लगाकर पढ़े। इससे पता चलता है कि वह उसका भला चाहते थे।

**निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए-**

**1. इम्तिहान पास कर लेना कोई चीज नहीं है असल चीज है बुद्धि का विकास।**

**उत्तर:** बड़े भाई साहब का मानना है कि जीवन का अनुभव ही एक असल चीज है और उसी से बुद्धि का विकास होता है जो किताबों से हासिल नहीं की जा सकती है। अतः इम्तिहान पास करना कोई बड़ी बात नहीं है।

**2. फिर भी जैसे मौत और विपत्ति के बीच भी आदमी मोह और माया के बंधन में जकडा रहता है मैं फटकार खाकर भी खेलकूद का तिरस्कार न कर सकता था।**

**उत्तर:** इसमें लेखक कहते हैं कि उनके बड़े भाई की डांट फटकार के बाद भी वे अपनी खेलने की इच्छा को

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

काबू में ना रख सके। वह पढ़ने में  मन न लगा सके,और जब भीपढ़ने बैठे थे उनके हृदय में केवल खेलने का ही विचार आता ।

**3. बुनियादी ही पुख्ता न हो तो मकान कैसे पायेदार बने?**

**उत्तर:** भाई का मानना है कि अगर शुरू से अच्छे से मेहनत ना की जाए और अनुभव ना हासिल किया जाए तो आदमी पढ़ाई में उत्तीर्ण होकर भी कुछ हासिल नहीं कर सकता।

**4. आंखें आसमान की ओर थी और मन उस आकाशगामी पथिक की  ओर जो मंद गति से झूमता पतन की ओर चला जा रहा था मानो कोई आत्मा स्वर्ग से निकलकर विरक्त मन से नए संस्कार ग्रहण करने जा रही हो।**

**उत्तर:** लेखक ने जब कटी हुई पतंग को देखा तो उसकी आंखें आसमान में थी और मन पतंग रुपी आदमी की तरह। उसे पतंग एक दिव्य आत्मा लग रही थी जो धीरे-धीरे नीचे आ रही थी और वह उसे पाने के लिए दौड़ रहा था।

**भाषा अध्ययन**

**1. निम्नलिखित शब्दों के दो- दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।**

**नसीहत,रोज,आज़ादी, राजा,ताज्जुब**

**उत्तर**:

1. नसीहत-सुझाव, शिक्षा

2. रोज- प्रतिदिन,प्रति दिवस

3. आज़ादी-स्वतंत्रता,स्वच्छंदता

4. राजा-नृप, भूपति

5. ताज्जुब-हैरान, आश्चर्य

**2. निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए**

**सिर पर नंगी तलवार लटकना, आड़े हाथों लेना, अंधे के हाथ बटेर लगना, लोहे के चने चबाना, दाँतों पसीना आना, ऐरा-गैरा नत्थू खैरा ।**

**उत्तर**-:

1. सिर पर नंगी तलवार लटकना- सी.बी.आई ने जाँच शुरू करके सबके सिर पर नंगी तलवार लटका दी।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

2. आड़े हाथों लेना- पुलिस ने चोर को आड़े हाथों ले लिया।

3. अंधे के हाथ बटेर लगना- कर्मचारी को जब रुपयों से भरा थैला मिला तो मानों अंधे के हाथ बटेर लग गई।

4. लोहे के चने चबाना – मज़दूर दिन रात मेहनत करते हैं, पैसों के लिए वह लोहे के चने चबाते हैं।

5. दाँतों पसीना आना - राम की जिद्द के आगे उनके पिताजी के दाँतों पसीना आ गया।

6. ऐरा-गैरा नत्थू खैरा - उस पार्टी में ऐरा-गैरा नत्थू खैरा भी आ गया।

**3. निम्नलिखित तत्सम, तद्भव, देशी, आगत शब्दों को दिए गए उदाहरणों के आधार पर छाँटकर लिखिए।**
**जन्मसिद्ध,आँख दाल-भात,पोज़ीशन, फ़जीहत**
**तालीम, जल्दबाज़ी, पुख्ता, हाशिया, चेष्टा, जमात, हर्फ़, सूक्तिबाण, जानलेवा, आँख फोड़, घुड़कियाँ, आधिपत्य, पन्ना, मेला-तमाशा, मसलन, स्पेशल, स्कीम, फटकार, प्रात:काल, विद्वान, निपुण, भाई साहब, अवहेलना, टाइम-टेबल**
**उत्तर:**

| तत्सम | तद्भव | देशज | आगत | अरबी-फारसी |
|---|---|---|---|---|
| जन्मसिद्ध | आँख | दाल-भात | पोज़ीशन | फ़जीहत |
| चेष्टा | निपुण | घुड़कियाँ | जानलेवा | जल्दबाजी |
| सूक्तिबाण | विद्वान | पन्ना | स्पेशल स्कीम | तमाशा |
| आधिपत्य | प्रात:काल | मेला | टाइम टेबल | जमात |
| | | आँखफोड़ | | हर्फ़ |
| | | | | मसलन |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**4. नीचे दिए वाक्यों में कौन-सी क्रिया है - सकर्मक या अकर्मक? लिखिए -**

**(क) उन्होंने वहीं हाथ पकड़ लिया।**

**उत्तर:** उन्होंने वहीं हाथ पकड़ लिया। सकर्मक

**(ख) फिर चोरों-सा जीवन कटने लगा।______________**

**उत्तर:** फिर चोरों-सा जीवन कटने लगा। अकर्मक

**(ग) शैतान का हाल भी पढ़ा ही होगा।__________________**

**उत्तर:** शैतान का हाल भी पढ़ा ही होगा। सकर्मक

**(घ) मैं यह लताड़ सुनकर आँसू बहाने लगता ।_______________**

**उत्तर:** मैं यह लताड़ सुनकर आँसू बहाने लगता। सकर्मक

**(ङ) समय की पाबंदी पर एक निबंध लिखो।______________**

**उत्तर:** समय की पाबंदी पर एक निबंध लिखो। सकर्मक

**(च) मैं पीछे-पीछे दौड़ रहा था।___________________________**

**उत्तर:** मैं पीछे-पीछे दौड़ रहा था। अकर्मक

**5. 'इक' प्रत्यय लगाकर शब्द बनाइए -**

**विचार, इतिहास, संसार, दिन, नीति, प्रयोग, अधिकार**

**उत्तर:**

1.विचार - वैचारिक

2.इतिहास - ऐतिहासिक

3.संसार सांसारिक

4.दिन- दैनिक

5.नीति-नैतिक

6.प्रयोग प्रायोगिक

7.अधिकार आधिकारिक

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in